राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / दिनांकः

समस्त निदेशक, प्राचार्य / प्राचार्या
संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय।

विषयः– महाविद्यालय में सत्र् 2023–24 में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार व इस कार्यालय के पत्र क्रमांकः परीक्षा–6–अ / 2022 / 1050 दिनांक 25.07.2023, क्रमांकः परीक्षा–6–अ / 2023 / 2433 दिनांक 15.09.2023 तथा क्रमांकः परीक्षा–6–अ / 2023 / 1185 दिनांक 19.10.2023 की निरन्तरता में लेख है कि शैक्षणिक सत्र् 2023–24 में आपके महाविद्यालय में नवीन प्रवेशित छात्रों का राजस्थान विश्वविद्यालय में ऑनलाईन पंजीकरण की प्रक्रिया दिनांक 08.11.2023 से 30.11.2023 तक की जावेगी। अतः आप सभी प्रवेशित छात्रों की योग्यता / पात्रता की जॉच कर राज्य सरकार की प्रवेश नीति सत्र् 2023–24 व विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशानुसार महाविद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

विद्यार्थियों के पंजीकरण करते समय छात्र / छात्रा का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म दिनांक की जानकारी बोर्ड द्वारा प्रदत सैकेण्ड्री परीक्षा की अंकतालिका के अनुसार ही अंकित करें।

साथ ही इस वर्ष परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हेतु ABC ID का होना आवश्यक है। अतः आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्रों का ABC ID में पंजीकरण करवाकर उसकी सूचना महाविद्यालय पोर्टल पर अंकित करने का श्रम करें।

Sd/-
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / परीक्षा–2024 / 1197–1215 दिनांकः 4/11/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
2. समस्त उप कुलसचिव (नामांकन / गोपनीय / डिग्री / सैलर– I एवं II / विविध), रा.वि.वि., जयपुर।
3. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. समस्त सहायक कुलसचिव / अनुभागाधिकारी (नामांकन / गोपनीय / डिग्री / सैलर– I, II / विविध), रा.वि.वि. जयपुर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को सभी महाविद्यालयों की लॉगिन आई.डी. (Login ID) एवं मेल आई.डी. पर अपलोड़ करने का श्रम करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)